पत्रांक: BRLPS/LSBA/Acctt/423/16-284 दिनांक: 11.09.2017

प्रेषक-

बालामुरूगन डी0, भा0प्र0से0,
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी सह मिशन निदेशक,
लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान, पटना।

सेवा में,

**जिला पदाधिकारी सह अध्यक्ष,**
जिला जल एवं स्वच्छता समिति,
पूर्णिया, रोहतास, बेतिया, मोतिहारी, सीतामढ़ी, पटना,
सारण, बेगुसराय, भागलपुर, बक्सर मुगेर, जमुई, समस्तीपुर, गोपालगंज
सिवान, गया, दरभंगा, सुपौल, कैमूर, मधेपुरा जिला, बिहार।

विषय- स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), गंगा कार्य योजना एवं लोहिया स्वच्छता योजना से संबंधित वित्तीय वर्ष 2016- 17 के लेखा खातों का समेकित मिलान एवं वित्तीय विवरणी समर्पित करने के संबंध में।

संदर्भ:- BRLPS/Acctt/423/16/19, दिनांक- 28.06.2017
BRLPS-LSBA/Actts/01/16/205, दिनांक-05.08.2017
BRLPS/Acctt/423/16/208 दिनांक 31.08.2017

महाशय,

उपर्युक्त विषयक इस कार्यालय के संदर्भगत पत्र के क्रम में सुचित करना है कि बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति (BRLPS) द्वारा राज्य स्तरीय दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया था। कुल तेरह जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के लेखा प्रतिनिधि को आवश्यक दस्तावेज के साथ उपस्थित होकर अपने लेखो का मिलान एवं मदवार व्यय प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु निदेशित किया गया था । परन्तु केवल चार डी0आर0डी0ए0 के प्रतिनिधि द्वारा आवश्यक कागजात के साथ ही कार्यशाला में भागीदारी ली गई । शेष नौ जिलों के प्रतिनिधि के द्वारा निर्धारित तिथि पर अपेक्षित दस्तावेज के साथ उपस्थित नहीं होने के कारण कार्यशाला से अपेक्षित परिणाम प्राप्त नहीं हो पाया। कार्यशाला के परिणाम के संदर्भ में प्रतिवेदन संलग्न कर भेजा जा रहा है। वैधानिक अंकेक्षण हेतु यह आवश्यक है कि लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा दिए गए योजनावार राशि तथा जीविका मुख्यालय (BRLPS) के पैरेन्ट खाता से प्राप्त राशि का जिला ग्रामीण विकास अभिकरण द्वारा प्राप्त की गई राशि से मिलान किया जाय, ताकि संबंधित जिला के द्वारा किये गये व्यय का कुल प्राप्त राशि से मिलान किया जा सके।

अत: अनुरोध है कि जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के दो लेखा प्रतिनिधि को जिला एवं प्रखंड स्तर पर संचालित (LSBA) एवं गंगा कार्य योजना के सभी बैंक खातों की विवरणी/ पासबुक, मदवार व्यय विवरणी एवं PHED से प्राप्त

राशि से सम्बन्धित प्रपत्र/ बैंक पासबुक की छाया प्रति तथा PHED द्वारा वित्तीय वर्ष 2016-17 में किये गये व्यय से संबंधित अंकेक्षण प्रतिवेदन के साथ दिनांक-15.09.2017 एवं 16.09.2017 को प्रातः 10 बजे जीविका (BRLPS) मुख्यालय में उपस्थित होकर मिलान करने हेतु निदेशित किया जाय तथा साथ ही डी0आर0डी0ए0 के लेखा प्रतिनिधि द्वारा अपेक्षित दस्तावेज के साथ निर्धारित समय पर उपस्थित होकर मिलान की प्रक्रिया पूरा करे इसे सुनिश्चित कराना चाहेंगे ।

इसे अत्यावश्यक समझा जाय ।

विश्वासभाजन,

11/09/17

(बालामुरूगण डी0)

अनुलग्नक:- (A) समेकित विवरणी के मिलान हेतु आयोजित कार्यशाला की वस्तुस्थिति।

(B) जिला वार कार्यशाला की तिथि एवं स्थान की विवरणी

प्रतिलिपि-

1. संबंधित जिला के उप विकास आयुक्त सह उपाध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता समिति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ ।

अनुलग्नक A

## Status of participation in workshop arranged for Fund reconcilation of Accounts of GAP (For the F.Y. 2016-17)

| SL.No. | Name of District | Participated | Status of Fund reconciliation | Fund Reconcilation with PHED |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Bhagalpur | NO | NO | **NO** |
| 2 | Patna | Yes | NO | **Yes** |
| 3 | Saran | Yes | NO | **NO** |
| 4 | Begusarai | Yes | NO | Yes |

## Status of participation in workshop arranged for Fund reconcilation of Accounts of LSBA (For the F.Y. 2016-17)

| SL.No. | Name of District | Participated | Status of Fund reconciliation | | Fund Reconcilation with PHED |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | **SBM (G)** | **LSY** | |
| 1 | Rohtas | NO | NO | NO | **NO** |
| 2 | Motihari | Yes | NO | NO | **NO** |
| 3 | Bettiah | NO | NO | NO | Yes |
| 4 | Purnea | Yes | NO | NO | Yes |
| 5 | Patna | Yes | NO | NO | **Yes** |
| 6 | Saran | Yes | NO | NO | **NO** |
| 7 | Sitamarhi | Yes | NO | NO | Yes |
| 8 | Buxar | NO | Yes | Yes | **NO** |
| 9 | Munger | NO | Yes | Yes | **NO** |
| 10 | Jamui | NO | Yes | Yes | **NO** |
| 11 | Samastipur | NO | Yes | Yes | **NO** |
| 12 | Gopalganj | NO | Yes | Yes | **NO** |
| 13 | Siwan | NO | Yes | Yes | **NO** |
| 14 | Gaya | NO | Yes | Yes | **NO** |
| 15 | Darbhanga | NO | Yes | Yes | **NO** |
| 16 | Supaul | NO | Yes | Yes | **NO** |
| 17 | Kaimur | NO | Yes | Yes | **NO** |
| 18 | Madhepura | NO | Yes | Yes | **NO** |
| 19 | Bhagalpur | NO | Yes | Yes | **NO** |

अनुलग्नक:-B

जिला वार कार्यशाला की तिथि एवं स्थान की विवरणी

| जिला का नाम | कार्यशाला की तिथि | कार्यशाला का स्थान |
|---|---|---|
| पटना, सारण, रोहतास, मोतिहारी, भागलपुर, बक्सर, मुंगेर, जमूई, समस्तीपुर, गोलालगंज, | 15.09.2017 | विद्युत भवन, प्रथम तल्, जीविका कार्यालय, बेली रोड, पटना। |
| बेतिया, सीतामढ़ी, बेगुसराय, पूर्णिया, सीवान, गया, दरभंगा, सुपौल, कैमूर, मधेपुरा | 16.09.2017 | विद्युत भवन, प्रथम तल्, जीविका कार्यालय, बेली रोड, पटना। |